1	2	3
	5. वामबन–1	
	6. ए०डी०टी०–4	
	7. ए०डी०टी०–5	
	8. टी०पी०यू०–4	8
राजमा :		
	1. मालविया राजमा–137	
	2. एच०पी०आर०–35	2
कुलथी :		
	1. के०एस०–2	1
		कुल : 40

कृषि व्यापार सहायता संघ

2140. श्री वीरेन जे० शाह :
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का देश में छोटे किसानों के हितों के संरक्षण हेतु "कृषि व्यापार सहायता संघ" की स्थापना का प्रस्ताव था ;

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने उक्त योजना के कार्यान्वयन के संबंध में अन्तिम निर्णय ले लिया है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त संघ की स्थापना कब तक कर दिये जाने की संभावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

कृषि-उत्पादन

2141. श्री वीरेन जे० शाह :
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश में अधिकांश कृषि-उत्पादन वर्षा पर निर्भर है; अतः देश में कृषि-उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक नया दृष्टिकोण अपनाये जाने की आवश्यकता है ;

(ख) यदि हां, तो कृषि-उत्पादन में वृद्धि के लिए नए दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकी और प्रणाली का सुझाव देने हेतु क्या सरकार ने किसी विशेषज्ञ दल की नियुक्ति की है ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है तो इसके क्या कारण है और भविष्य में इस दिशा में कब तक कदमउठाए जाने की संभावना है ?